हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
गुरुवार, 01 नवंबर 2018, बरेली, पांच प्रदेश, 21 संस्करण
www.livehindustan.com

Page NO 10: RIGHT SIDE

बैडमिंटन प्रतियोगिता के दूसरे दिन खेले गए क्वालीफाइंग मैच

स्टेडियम में बुधवार को बैटमिंटन प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दम। • हिन्दुस्तान

बरेली | प्रमुख संवाददाता

डिस्ट्रिक्ट बैडमिंटन एसोसिएशन के तत्वावधान में डॉ. अखिलेश दास आल इण्डिया सीनियर रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दिन क्वालीफाइंग के मैच खेले गए। पुरुष एकल, युगल तथा महिला एकल व युगल के साथ मिश्रित युगल के मैच के प्री क्वार्टर तक के मैच स्टेडियम और एसआरएमएस में खेले गए।

सचिव अनिल मेहरोत्रा ने बताया कि गुरुवार को क्वालीफाइंग सभी वर्गों के प्री क्वार्टर फाइनल मैच सुबह 8 बजे से खेले जाएंगे तथा मुख्य ड्रा के महिला एकल के प्रथम राउंड मैच होंगे। बाकी इवेंट दो नवंबर को मुख्य ड्रा के पहले चरण के मैच खेले जाएंगे। दूसरे दिन उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा और मध्य प्रदेश के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। यूपी के आयुषगर्ग थर्ड राउंड में विजयी हुए। वहीं दिल्ली के सिद्धांत चोपड़ा और हिमांशु खरबंदा थर्ड राउंड के मैच जीतने में कामयाब रहे। इसके अलावा दिल्ली के गुंजन झा, वासु राना, ध्रुव कुमार, दीपांशु शर्मा, भारत बजाज, अकुल चौहान ने भी मैच जीते।

उत्तर प्रदेश के आयुष गर्ग, महेंद्र कुमार, माही नरेश ने अपने मैच जीते। दिल्ली की रितिका डबास, सौम्या राघवन, आशी ने भी मैच जीते। काफी खिलाड़ियों को वॉक ओवर भी मिला। जिला बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष अनिल वाजपेयी, सचिव अनिल मेहरोत्रा, संयुक्त सचिव जगदीश खण्डेलवाल, एडवाइजर जेडए खान, केएन जैसवाल वीऐ आवजावर, संजय पागरानी, सुनील शर्मा, नवीन अरोड़ा, विष्णु शंकर शर्मा, क्रीड़ा अधिकारी लक्ष्मी शंकर सिंह मौजूद थे।